# बिफनी को 15 डिसमिल मल्टी लेयरिंग खेती से 40 हजार की आमदनी

बिफनी देवी ग्राम हुटूकदाग प्रखंड छतरपुर पलामू के रहने वाली महिला किसान हैं. इनके पास 2.5 एकड़ जमीन है जिसमे से 15 डिसमिल में मल्टी लेयरिंग फार्मिंग करती है और जैविक खाद का प्रयोग कर जमीन के ऊपर करेला , टमाटर , बैगन , लोकी , कोहड़ा , नेनुआ , मिर्चा , पालक एवंजमीन के अन्दर अदरक की खेती करती है.प्रदान संस्था द्वारा प्रशिक्षण एवं विकास सहयोग केंद्र संस्था द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त कर स्वयं से शिवांस खाद,घनजीवामृत, तरल खाद , जीवामृत बनाती है और प्रयोग करती हैं. किट प्रबंधन के लिए दस पता, निमास्त्र , मठांस, लसून पानी जैसे जैविक कीटनाशक का प्रयोग करती हैं . किसी भी तरह के रशय्निक खाद या कीटनाशक का प्रयोग नहीं करती हैं. सालो भर खेतो में कोई न कोई सब्जी या साग लगाये रखती हैं और खेत को खाली नहीं रखती हैं.इस तरह के खेती से पिछले साल (2021) 50500 रूपये और इस साल 35375 रूपये का आमदनी हुआ है. महिला खेती कर रही थी पर अच्छी आमदनी देखकर और 10 महिला जुड़ गयी. आज के समय 20 महिला एक जगह मल्टी लेयरिंग का खेती कर रहे हैं. सभी लोग एक जगह पर खाद एवं कीटनाशक तैयार करते हैं और उपयोग करते हैं. बाकि सदस्यों की भी आमदनी लगभग इनके बराबर ही होती है.



बिफनी देवी इस तरह की खेती कर काफी खुश हैं. वह कहती है कि पहले हमारे पास इतना पैसा कभी नहीं होता था. हम घर में सालों भर ताज़ी सब्जी खाते भी है , खिलाते भी हैं और कमाते भी हैं.